# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**

## PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS
## COMPILED BY MEDIA CELL (10.03.2025)

**HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE:10.03.2025, PAGE-04**

### कुलपति की अध्यक्षता में हुई बैठक में डेली वेजेज कर्मचारियों का दैनिक भत्ता बढ़ा

# बीआरएबीयू का 1050 करोड़ का बजट वित्त समिति से पास

**निर्णय**

मुजफ्फरपुर, प्रसं। बीआरए बिहार विवि में रविवार को कुलपति आवास पर वित्त कमेटी और संबद्धता कमेटी की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय ने की।

वित्त समिति की बैठक में बीआरएबीयू के 1050 करोड़ के बजट को पास किया गया। इस बार पिछले वर्ष से 112.56 करोड़ अधिक का बजट तैयार किया गया है। इसके बाद भी विवि ने कमेटी में इसे 15.26 करोड़ के घाटे का बजट बताया है। पिछले वर्ष 937.46 करोड़ का बजट पास किया गया था। इस वर्ष के बजट में वेतन मद में 316.63 करोड़ और पेंशन मद में 351.53 करोड़ का प्रावधान किया गया है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में सरकार से अनुदान के लिए 198.26 करोड़ की मांग की गई है। बैठक में 177.81 करोड़ के आंतरिक व्यय का ब्योरा पेश किया।

बैठक में डेली वेजेज कर्मचारियों के दैनिक भत्ते में बढ़ोतरी के प्रस्ताव को भी पास कर दिया गया। यह राशि 521 से बढ़ाकर 636 रुपये कर दी गई है। पिछले दिनों इसके लिए कर्मचारियों ने आंदोलन किया था। इसके अलावा फिक्स सैलरी वाले कर्मचारियों का मानदेय और चतुर्थ वर्गीय का रेमरेशन में वृद्धि की गई। वहीं, बिल्डिंग कमेटी के प्रस्ताव, सेल परचेज कमेटी और परीक्षा बोर्ड के प्रस्तावों को भी पास किया गया। बैठक में डीन प्रो. सतीश कुमार राय, प्रो. राम नरेश पंडित, प्रो. विनय शंकर राय, प्रो. निभा शर्मा, प्रो. प्रमोद कुमार, राजेश कुमार मौजूद थे।



रविवार को बीआरएबीयू में विवि की संबद्धता कमेटी की बैठक में शामिल कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय व अन्य।

### संबद्धता कमेटी की बैठक स्थगित

वीसी की अध्यक्षता में संबद्धता कमेटी की भी बैठक हुई। इसमें 72 कालेजों की संबद्धता पर चर्चा होनी थी। बैठक शुरू होते ही सदस्य प्रो. शिवानंद सिंह, प्रो. सतीश कुमार राय, सिंडिकेट सदस्य शारदा सिन्हा, डॉ हरेंद्र कुमार ने कॉलेजों की जमीन और भवन के दस्तावेज मांगे। इसकी रिपोर्ट उपलब्ध नहीं हो सकी। इस पर सदस्यों ने बैठक को स्थगित करने को कहा। बैठक को एक दिन के लिए स्थगित कर दिया गया। अब सोमवार को शाम चार बजे बैठक होगी।

### पांच विषयों का अलग विभाग बनाने का प्रस्ताव पास

विवि में 44 नए कॉलेजों ने संबद्धता के लिए आवेदन दिया है। इसके अलावा इवनिंग कॉलेज और स्थायी संबद्धता के लिए भी आवेदन आए हैं। आवेदन के बाद बिहार विवि ने 10 टीम का गठन कॉलेजों की जांच के लिए किया था। टीम के निरीक्षण में कई कॉलेज के भवन अधूरे मिले थे। वहीं, कई कॉलेजों में पीजी और स्नातक के नए कोर्स शुरू का भी प्रस्ताव रखा जाना है। बैठक में बीआरएबीयू में भोजपुरी, मैनेजमेंट, लॉ, संगीत और सोशियोलॉजी का अलग विभाग बनाने का प्रस्ताव पास किया गया। इन विभागों के लिए अलग भवन बनाया जाएगा। फिलहाल विवि के ही किसी भवन में इनको शिफ्ट किया जाएगा।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:.........................**

## DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE: 10.03.2025, PAGE-04

# वित्त समिति से 1050.02 करोड़ के अनुमानित बजट को मंजूरी

## विश्वविद्यालय के कुलपति की अध्यक्षता में हुई वित्त समिति की बैठक, सबसे अधिक राशि का आकलन वेतन और पेंशन मद में किया

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर : बीआरए बिहार विश्वविद्यालय का वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए अनुमानित वार्षिक बजट करीब 1050.02 करोड़ का होगा। विश्वविद्यालय की ओर से तैयार किए गए अनुमानित बजट को वित्त समिति से मंजूरी मिल गई है। सबसे अधिक राशि का आकलन वेतन और पेंशन मद में किया गया है। दूसरी ओर गत वर्ष की तुलना में इसे करीब 15.26 करोड़ के घाटे का बजट का आकलित किया गया है। वर्ष 2024-25 में यह 937.46 करोड़ रुपये का बजट था। वेतनादि मद में वर्ष 2025-26 में 319.53 करोड़ का आकलन किया गया है। वहीं 2024-25 में वह 278.86 करोड़ रुपये का था। दूसरी ओर पेंशनादि मद में 2025-26 में 351.53 करोड़ का आकलन किया गया है, जबकि 2024-25 में यह 377.24 करोड़ का था। यह गत वर्ष की तुलना में 25.71 करोड़ कम है। सरकार की ओर से पूर्व में पूर्व में प्राप्त राशि से पेंशनर और पारिवारिक पेंशनरों के बकाया भुगतान का अद्यतन हो चुका है। आंतरिक स्त्रोत से प्राप्त आय के विरुद्ध 2025-26 के लिए 177.81 करोड़ के व्यय का आकलन किया गया है। कुलपति प्रो. डीसी राय की अध्यक्षता में रविवार की शाम वित्त समिति की बैठक हुई। अब इसे विभिन्न स्टैच्युटरी बाडी से पारित कराते हुए राज्य सरकार को भेजा जाएगा। विश्वविद्यालय में 27 मार्च को सीनेट की बैठक होगी। इससे पहले कई स्टैच्युटरी बाडी की बैठक होनी है। इसी सप्ताह एकेडमिक काउंसिल की बैठक होगी।



विश्वविद्यालय में न्यू टीचिंग एंड एफिलिएशन कमेटी की बैठक में कुलपति व अन्य • जागरण

### मानक पर खरा नहीं उतरे करीब दो दर्जन कालेज

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर : बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में अगले शैक्षणिक सत्र के लिए संबंधन का दावा करने वाले करीब दो दर्जन कालेज मानकों को पूरा नहीं कर पाए हैं। अब उनकी संबद्धता रोकी जाएगी। कई कालेजों ने सरकार की ओर से निर्धारित मानकों को पूरा किए बगैर ही संबंधन के लिए आवेदन कर दिया है। कालेजों में आधारभूत संरचना के साथ-साथ ही आवश्यक दस्तावेजों में भी कमी पाई गई है। कालेजों ने जीआई टैग वाला फोटो और वीडियो भी उपलब्ध नहीं कराया है। लैब से लेकर लाइब्रेरी समेत अन्य आधारभूत संरचनाओं की कमी पाई गई है। कालेजों से जुड़ी फाइल ही उपलब्ध नहीं हो सकी थी। इसमें जमीन के लीज से लेकर अन्य डाक्युमेंट, शिक्षकों की सूची समेत अन्य चीजें शामिल है। अब दस्तावेज और साक्ष्य की कमी वाले ऐसे सभी कालेजों को 24 घंटे का समय दिया गया है।

**सदस्यों ने कहा - कई कालेजों के मानकों को पूरा किए बगैर ही दिए गए आवेदन :** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो. डीसी राय की अध्यक्षता में रविवार को न्यू टीचिंग एंड एफिलिएशन कमिटी की बैठक हुई। इसमें सदस्यों ने कई कालेजों के मानकों को पूरा किए बगैर ही आवेदन किए जाने की बात कही। संबंधन प्रस्ताव को लेकर कई दस्तावेजों में कमियां पाई गई। कालेज से जुड़ी कई जानकारी उपलब्ध नहीं कराए गए थे। ऐसे में तय हुआ कि सोमवार को शाम चार बजे एक बार फिर बैठक होगी। इसमें कालेजों की जांच के लिए गठित टीम की रिपोर्ट के आधार पर चर्चा होगी। बैठक में 10 समिति के सदस्यों की उपस्थिति अनिवार्य होगी। उनसे पूरी जानकारी प्राप्त करने के बाद ही एफिलिएशन कमिटी कालेजों के संबंधन प्रस्ताव पर निर्णय लेगी।

### शोध मद में पांच से छह करोड़ रुपये का होगा प्रविधान

वित्त समिति की बैठक में विश्वविद्यालय की ओर से तैयार किए गए बजट में कुछ संशोधन का प्रस्ताव दिया गया है। इसमें विश्वविद्यालय में शोध मद में पांच से छह करोड़ रुपये का प्रविधान होगा। समिति के सदस्यों ने यूएमआइएस मद में बजट कम किया जाएगा। साथ ही नैक पीयर टीम के बजट में भी कटौती होगी।

### विश्वविद्यालय का होगा कंप्यूटराइजेशन

अगले वित्तीय वर्ष में विश्वविद्यालय का कंप्यूटराइजेशन होगा। इस मद में 7.32 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। बताया जा रहा है कि विश्वविद्यालय परिसर से लेकर पीजी विभागों और अन्य कार्यालयों में करीब 500 से अधिक उच्च गुणवत्ता वाले कंप्यूटर लगाए जाएंगे।

### सत्र 2025 - 26 के विभिन्न मदों में सरकार से मांग

| | | | |
|---|---|---|---|
| स्टैच्युटरी ग्रांट | 2.54 | एनएसएस कल्चरल वेलफेयर प्रोग्राम | 1.21 |
| अतिथि शिक्षकों का रेम्युनरेशन | 49.12 | कल्याणकारी योजना के लिए | 2.59 |
| आउटसोर्सिंग नन टीचिंग स्टाफ | 5.13 | यूजीसी फेलोशिप - स्कालरशिप डेवलपमेंट | 5.91 |
| नव निर्माण, रेनोवेशन, रिपेयर और मेंटेनेंस | 94.67 | रूसा (यूनिवर्सिटी) | 14.48 |
| कंप्यूटर और प्रयोगशाला | 5 | एचआरडीसी | 8.90 |
| तरंग - एकलव्य | 1.38 | यूनिवर्सिटी का कंप्यूटराइजेशन | 7.32 |

### प्राप्त आय के विरुद्ध व्यय का आकलन सत्र 2025-26

| | | | |
|---|---|---|---|
| इलेक्ट्रानिक्स विभाग | 0.12 करोड़ | हेल्थ केयर | 0.52 करोड़ |
| कालेजों के लिए कंटीजेंसी | 1.17 करोड़ | मिश्रित | 3.56 करोड़ |
| पीजी विभाग | 1.98 करोड़ | छात्रावास | 0.62 करोड़ |
| कामन सर्विस | 9.71 करोड़ | परीक्षा (विश्वविद्यालय) | 99.36 करोड़ |
| लाइब्रेरी एंड स्टडी सेंटर | 16.89 करोड़ | प्रेस | 3.50 करोड़ |
| वेलफेयर स्कीम | 1.62 करोड़ | छात्र संघ चुनाव | 0.82 करोड़ |
| गेस्ट हाउस | 0.57 करोड़ | नैक पीयर टीम | 11.91 करोड़ |
| स्पोर्ट्स काउंसिल (विश्वविद्यालय और कालेज) | 0.44 करोड़ | न्यू सेल्फ फाइनेंसिंग | 5.72 करोड़ |
| कम्युनिटी हाल | 0.41 करोड़ | यूएमआइएस | 17.52 करोड़ |
| दीक्षा समारोह | 1.04 करोड़ | वाहन | 0.33 करोड़ |

PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE: 10.03.2025, PAGE-04

## न्यू टीचिंग एंड एफिलिएशन कमेटी की बैठक में खारिज की दावेदारी

# संबद्धता के लिए आवेदन करने वाले दो दर्जन कॉलेज अमानक

- डॉक्यूमेंट में कमी वाले कॉलेजों को 24 घंटे का दिया गया समय
- जिन कॉलेजों मे लैब नहीं, वहां आर्ट्स और कॉमर्स पाठ्यकम की मिलेगी संबद्धता
- आज फिर होगी बैठक, कॉलेजों की सबद्धता पर लिया जायेगा अंतिम निर्णय

उपमुख्य संवाददाता, मुजफ्फरपुर

बीआरएबीयू से संबद्धता के लिए आवेदन करने वाले करीब दो दर्जन कॉलेज सरकार के मानक पर खरा नहीं उतरे. न्यू टीचिंग एंड एफिलिएशन कमेटी ने जांच कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर स्कूटनी के दौरान ही इन कॉलेजों की दावेदारी खारिज कर दी. कॉलेजों ने बगैर इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार किये ही संबद्धता के लिए आवेदन कर दिया था. वहीं, कुछ कॉलेजों के प्रस्ताव में फोटो सहित अन्य डॉक्यूमेंट्स की कमी मिली, जिसे 24 घंटे के अंदर उपलब्ध कराने के लिए कहा गया है.

सोमवार शाम कमेटी की बैठक फिर से बुलाई गयी है, जिसमें संबंधन के प्रस्ताव पर अंतिम निर्णय लिया जायेगा. बिहार विश्वविद्यालय के नये गेस्ट हाउस में कुलपति प्रो दिनेश चंद्र राय की अध्यक्षता में न्यू टीचिंग एंड एफिलिएशन कमेटी की बैठक हुई, जिसमें संबद्धता के लिए प्रस्तावित 72 कॉलेजों के आवेदन, डॉक्यूमेंट्स व जांच कमेटी की रिपोर्ट पर चर्चा की गयी. आठ कॉलेजों ने स्थायी संबंधन का आवेदन किया है. अन्य कॉलेजों ने नव संबंधन व संबंधन विस्तार के लिए आवेदन किया है. सदस्यों ने एक-एक कॉलेज की रिपोर्ट की बारीकी से जायजा लिया.



विश्वविद्यालय में एफीलिएशन कमेटी की बैठक करते कुलपति दिनेश चंद्र राय.

करीब दो दर्जन कॉलेजों के प्रस्ताव में ज्यादा कमियां मिलीं, जिसे रोकने का निर्णय लिया गया. कुछ कॉलेजों के प्रस्ताव के साथ जियो टैग फोटो या डॉक्यूमेंट्स नहीं था. ऐसे कॉलेजों को सोमवार तक का समय दिया गया है. कई कॉलेज ऐसे थे, जिनके पास लैब की सुविधा नहीं है.इन्हें साइंस छोड़कर आर्टस व कॉमर्स की संबद्धता देने पर भी सहमति बनी. कुछ एडेड कॉलेजों ने यूजी स्तर पर नये विषयों की मान्यता के लिए आवेदन किया है. जांच रिपोर्ट के आधार पर उनका प्रस्ताव स्वीकृत करने का निर्णय लिया गया. बैठक में कुलसचिव प्रो संजय कुमार, प्रॉक्टर प्रो बीएस राय, डीएसडब्ल्यू प्रो आलोक प्रताप सिंह, इंसपेक्टर ऑफ कॉलेज प्रो राजीव व प्रो अरविंद, डीन प्रो संगीता रानी, प्रो सतीश राय, प्रो शिवानंद सिंह, प्रो रवि श्रीवास्तव व डॉ हरेंद्र सहित जांच कमेटी के सदस्य मौजूद थे. सोमवार को होने वाली बैठक में भी कॉलेजों की जांच के लिए बनी 10 कमेटियों के सदस्यों को बुलाया गया है. रिपोर्ट के अलावा अन्य मामले सामने आयेंगे तो वे एफिलिएशन कमेटी के समक्ष अपनी बात रख सकेंगे. सभी की सहमति के आधार पर ही संबंधन के प्रस्ताव पर निर्णय होगा.

### पांच नये विभाग खुलेंगे भवन को कैंपस में जगह

विवि में अगले सत्र से पांच नये विभाग खोलने के प्रस्ताव पर कमेटी ने स्वीकृति दे दी. इसमें लॉ, एजुकेशन, म्यूजिक, सोशल साइंस और भोजपुरी है. विवि के संबद्ध कॉलेजों में लॉ व एजुकेशन की पढ़ाई होती है, लेकिन विश्वविद्यालय मुख्यालय में अलग विभाग नहीं है. वहीं, म्यूजिक, सोशल साइंस व भोजपुरी की पढ़ाई कॉलेजों में होती है. अब विश्वविद्यालय मुख्यालय पर इनके लिए नये विभाग खोले जायेंगे. सीनेट से प्रस्ताव स्वीकृत करवाकर सरकार को भेजा जायेगा. बैठक में सदस्यों ने इस बात का भी जिक्र किया कि नये विभागों के लिए पिछले कई सालों से प्रयास चल रहा है, लेकिन सरकार के स्तर पर सही तरीके से अपना पक्ष नहीं रखने के कारण अब तक स्वीकृति नहीं मिली. कुलपति ने भरोसा दिलाया कि नये विभाग स्थापित कराने के लिए पूरा प्रयास करेंगे. कहा गया है कि अभी इन विभागों के लिए अस्थायी भवन की व्यवस्था की जायेगी. साथ ही जमीन चिह्नित करके नये भवन का प्रस्ताव भी सरकार को भेजा जायेगा.

- खबर वेबसाइट पर पढ़ने के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें.

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR
**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**
**PIN-842001 (BIHAR)**
**Website:-www.brabu.net**


**Ref:.....................** **Date:..........................**


PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR
DATE: 10.03.2025, PAGE-04


## विवि : आज से शुरू होगी थर्ड सेमेस्टर की प्रायोगिक परीक्षा

- विश्वविद्यालय ने अंगीभूत व संबद्ध कॉलेजों को दिया निर्देश

**उपमुख्य संवाददाता, मुजफ्फरपुर**

बीआरएबीयू में स्नातक सत्र 2023-27 के थर्ड सेमेस्टर की प्रायोगिक परीक्षा सोमवार से शुरू होगी. विवि की ओर से सभी अंगीभूत व संबद्ध महाविद्यालयों को दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं. नजदीक के महाविद्यालय से संबंधित विषय के शिक्षक को बाह्य परीक्षक नियुक्त किया जायेगा. सभी प्राचार्यों को निर्देश दिया गया है कि 20 मार्च तक परीक्षा करवाकर 24 मार्च तक परीक्षा विभाग को मार्क्स उपलब्ध करा दें. स्नातक थर्ड सेमेस्टर की परीक्षा तीन महीने से अधिक विलंबित हो चुकी है. फरवरी में परीक्षा फॉर्म भरने के लिए समय दिया गया, लेकिन कॉलेजों में बिहार बोर्ड की परीक्षा के कारण फॉर्म नहीं भरवाया जा सका. 20 फरवरी से तिथि बढ़ाकर 28 फरवरी तक की गयी. इसके बाद पांच मार्च तक का समय दिया गया. इसके बाद भी कॉलेजों से तिथि बढ़ाने का अनुरोध किया गया, जिसके बाद फिर एक सप्ताह का समय दिया गया है.

10 मार्च तक बिना विलंब शुल्क का फॉर्म भरने का अंतिम दिन है. इसके बाद 11 व 12 मार्च को विलंब शुल्क के साथ कॉलेजों में फॉर्म स्वीकार किये जायेंगे. फॉर्म भरवाने के बाद परीक्षा की तैयारी शुरू होगी. इस बीच 10 से 20 मार्च तक प्रायोगिक परीक्षा के लिए शेड्यूल निर्धारित किया गया है. इसी दौरान होली की छुट्टी भी होगी. विश्वविद्यालय की ओर से बताया गया कि मार्च में ही थर्ड सेमेस्टर की परीक्षा शुरू होगी. होली की छुट्टी के बाद इसका शेड्यूल जारी कर दिया जायेगा. वहीं, परीक्षा केंद्र निर्धारित करते हुए कॉलेजों से मैपिंग भी की जानी है. इस परीक्षा में 1.10 लाख से अधिक परीक्षार्थी शामिल होंगे, जिनका फर्स्ट व सेकेंड सेमेस्टर को मिलाकर 28 क्रेडिट से अधिक है.

- खबर वेबसाइट पर पढ़ने के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें


PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE:10.03.2025, PAGE-04


## भारती शिक्षक प्रशिक्षण कॉलेज को दी मान्यता

**मुजफ्फरपुर.** बीआरएबीयू की संबद्ध इकाई भारती शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय को यूजीसी से मान्यता मिली है. यूजीसी ने सदातपुर के महाविद्यालय को एक्ट, 1956 के सेक्शन 2 (एफ) के अंतर्गत मान्यता दी है. प्राचार्य डॉ राजेश कुमार वर्मा ने बताया कि यहां के शिक्षक मेजर व माइनर प्रोजेक्ट पर काम कर सकेंगे. मौके पर लोक शिक्षा समिति के प्रदेश सचिव रामलाल सिंह, कॉलेज सचिव डॉ ललित किशोर, अध्यक्ष डॉ सत्यनारायण गुप्त, कोषाध्यक्ष अवधेश, विभाग निरीक्षक ललित राय ने शुभकामनाएं दीं.

## विवि का बजट ₹1050.2 करोड़ होगा

- वित्त विभाग की बैठक में वितीय वर्ष 2025-26 के लिए बजट को मंजूरी

**उपमुख्य संवाददाता, मुजफ्फरपुर**

बीआरएबीयू का वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए अनुमानित वार्षिक बजट करीब 1050.02 करोड़ का होगा. विवि की ओर से तैयार किये गये अनुमानित बजट को वित्त समिति से मंजूरी मिल गयी है. सबसे अधिक राशि का आकलन वेतन व पेंशन मद में किया गया है. वेतन के मद में वर्ष 2025 - 26 में 319.53 करोड़ का आकलन किया गया है. पेंशन मद में 2025- 26 में 351.53 करोड़ का आकलन किया गया है, जबकि 2024-25 में यह 377.24 करोड़ का था. कुलपति प्रो डीसी राय की अध्यक्षता में रविवार शाम वित्त समिति की बैठक हुई. अब इसे विभिन्न स्टैच्युटरी बॉडी से पारित कराते हुए राज्य सरकार को भेजा जायेगा. विश्वविद्यालय में 27 मार्च को सीनेट की बैठक होगी.



### विभिन्न मदों में सरकार को भेजी जानेवाली डिमांड

- स्टैच्युटरी ग्रांट - 2.54 करोड़
- अतिथि शिक्षकों का रेमुनरेशन - 49 .12 करोड़
- आउटसोर्सिंग नन टीचिंग स्टाफ - 5 .13 करोड़
- नव निर्माण, रेनोवेशन, रिपेयर और मेंटेनेंस - 94 .67 करोड़
- कंप्यूटर और प्रयोगाशाला - 5 करोड़
- तरंग - एकलव्य - 1.38 करोड़
- एनएसएस कल्चरल वेलफेयर प्रोग्राम - 1.21 करोड़
- विभिन्न कल्याणकारी योजना के लिए - 2 .59 करोड़
- यूजीसी फेलोशिप - स्कालरशिप डेवलपमेंट - 5 .91 करोड़
- रूसा ( विवि ) - 14 .48 करोड़
- एचआरडीसी - 8 .90 करोड़
- यूनिवर्सिटी का कंप्यूटराइजेशन - 7 .32 करोड़